हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे0न0ब0ग0वि0वि0 / परीक्षा / 2024 / 498 दिनांक : 25 / 11 / 2024

अधिसूचना (498)

सी0बी0सी0एस प्रणाली / NEP III & V Semester (स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं बी0एड0 / एम0एड0 / पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर (III, V, VII एवं IX) (मुख्य एवं बैक पेपर) परीक्षा आवेदन पत्र 2024–2025 की तिथि विस्तारित करने हेतु

विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत अधिसूचना पत्रांक सं0–हे0न0ब0ग0वि0वि0 / परीक्षा / 2024 / 474 दिनांक–28 / 10 / 2024 के क्रम में एतदद्वारा विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में सी0बी0सी0एस0 (**CBCS**) प्रणाली तथा NEP III & V Semester के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टरों (III,V,VII एवं IX) (स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं बी0एड0 / एम0एड0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टरों की परीक्षा हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन (**Online**) भरने की तिथि सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त बिना विलम्ब शुल्क के **दिनांक 28 नवम्बर, 2024** तथा विलम्ब शुल्क सहित **30 नवम्बर, 2024** तक विस्तारित की जाती है, साथ ही **Special Back (Paper) 2024** की ऑनलाइन (**Online**) परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि भी **दिनांक 28 नवम्बर, 2024** तक विस्तारित की जाती है

अतः विभाग / परिसर / महाविद्यालय / संस्थान द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र **Online Verification** के पश्चात् विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र रोललिस्ट एवं **N.R. (Numerical Return)**/ सम्बद्धता पत्र की 02–02 प्रतियों में परीक्षा अनुभाग / अतिगोपनीय अनुभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि 03 दिसम्बर, 2024 तक विस्तारित की जाती है।

नोट–उक्त तिथि के उपरान्त ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि किसी भी दशा में विस्तारित नहीं की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला / शाह टाइम्स / राष्ट्रीय सहारा में निशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / मुख्य नियन्ता बिड़ला परिसर / परिसर निदेशक पौड़ी, टिहरी परिसर / समस्त प्राचार्य / निदेशक सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान अपने छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जांच एवं सत्यापन के उपरान्त सूचीबद्ध कर दिनांक 26 नवम्बर, 2024 तक विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।
3. अनुभागीय अधिकारी परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्र–छात्राओं का आवेदन पत्र एवं शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा कर दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र / ई0गर्वनेन्स को सूचित किया जाए ताकि वे ऐसे सम्बन्धित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करें, साथ ही विश्वविद्यालय के लेखा अनुभाग से सभी शुल्क का विवरण सत्यापित करवा कर मिलान (Reconcile) करवा लिया जाए।
4. प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र / ई0गर्वनेन्स को इस आशस से प्रेषित कि छात्र–छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र भरने की तिथि विश्वविद्यालय विवरणिका सत्र 2024–2025 एवं मान्यता अनुभाग से प्राप्त सत्र 2024–2025 हेतु स्वीकृत सीटों के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल खोलना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देने का कष्ट करें।
6. वित्त अधिकारी / समस्त उपकुलसचिव / समस्त सहायक कुलसचिव के सूचनार्थ प्रेषित।
7. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
8. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
9. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।

परीक्षा नियंत्रक